Fake Feviquick Recovered In Fatehabad : फतेहाबाद में हर्ष एंटरप्राइजेज पर छापा, नकली फेवीक्विक बरामद

India News Haryana (इंडिया न्यूज), Fake Feviquick Recovered In Fatehabad : फतेहाबाद की पुरानी सब्जी मंडी में बस अड्डा पुलिस चौकी पुलिस ने पिडिलाइट इंडस्ट्रीज कंपनी के अधिकारियों के हर्ष एंटरप्राइजेज पर छापा मारा और यहां से भारी मात्रा में नकली फेवीक्विक को बरामद किया है। पुलिस ने नकली फेवीक्विक बेचने वाले आरोपी दुकानदार को काबू कर लिया है। आरोपी धर्मवीर निवासी जगजीवनपुरा के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है।

जानकारी मुताबिक़ पुलिस चौकी प्रभारी संजय कुमार ने बताया कि शनिवार को कंपनी सेमिता लीगल कंपनी एल 244 सेक्टर 25 नोएडा उत्तर प्रदेश के मैनेजर दिल्ली निवासी राहुल चंदेलिया ने शिकायत दी कि पुरानी सब्जी मंडी फतेहाबाद मे दुकान हर्ष इंटरप्राइजिज का मालिक धर्मवीर निवासी जगजीवनपुरा पीडिलाईट इंडस्ट्रीज कम्पनी के उत्पाद फेवीक्विक का नकली उत्पाद बेच रहा है। आम जनता व कम्पनी पीडिलाईट के साथ धोखाधड़ी की जा रही है।

उन्होंने कहा कि अगर छापेमार कार्रवाई की जाए तो भारी मात्रा में नकली उत्पाद फेवीक्विक बरामद हो सकती है।शिकायत के आधार पर टीम गठित कर कार्रवाई की गई तो उक्त दुकान मे पिडिलाइट इंडस्ट्रीज कंपनी के नकली उत्पाद फेवीक्विक के 400 पीस बरामद हुए। असली और मौके से बरामद फेवीक्विक का मिलान किया गया तो वह भिन्न मिली। दुकानदार से जब बिल मांगे गए तो वह नहीं दिखा पाया। आरोपी के खिलाफ थाना शहर फतेहाबाद में कॉपीराइट एक्ट की विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है।

Source: https://haryana.indianews.in/haryana/raid-on-harsh-enterprises-in-fatehabad-fake-feviquick-recovered/